ज्ञानमार्ग

Que.1. सूचना: 'ज्ञान मार्ग' एकांकी का यह अंश पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें। [Marks :(4)]

तीनों राजकुमार गुरुकुल में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद घर लौट रहे हैं। तीनों घने जंगल से गुज़र रहे हैं।

राजकुमार 1: हम तीनों इस बात पर गर्व कर सकते हैं कि हमने ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

1. 'घना जंगल' में 'घना' शब्द .... है।

(क) क्रिया (ख) विशेषण (ग) संज्ञा (घ) सर्वनाम

वाक्यांश से सर्वनाम चुनकर लिखें

2. हमने ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

3. तीनों राजकुमार अपने-अपने ज्ञान पर गर्व करते हैं। इसपर अपना विचार लिखें।

Ans. 1. विशेषण।

2. हम

3. आशय विश्लेषण करके तर्क संगत उत्तर लिखा है।

Que.2. सूचना: 'ज्ञान मार्ग' एकांकी का यह अंश पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें। [Marks :(5)]

शिष्यो, ध्यान रहे। वह ज्ञान जिससे अपना या दूसरों का नुकसान हो ज्ञान नहीं बल्कि अज्ञान है। ज्ञान तो सबकी भलाई के लिए ही होता है।

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

(क) ज्ञान से कोई लाभ नहीं है। (ख) ज्ञान बाहरी दिखावा है।

(ग) ज्ञान सबकी भलाई के लिए है। (घ) ज्ञान से मूर्ख बन जाता है।

2. 'नुकसान' शब्द का समानार्थी शब्द चुनकर लिखें।

(क) लाभ (ख) हानि (ग) दुख (घ) खुशी

3. 'ज्ञान तो सबकी भलाई के लिए होता है'- यह प्रस्ताव किसका है ?

(क) राजकुमार एक (ख) राजकुमार दो (ग) राजकुमार तीन (घ) गुरुजी

4. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें।

मुझसे गलती हो गई।

....

....

गुरुजी, मुझसे बड़ी भारी गलती हो गई।

5. सितंबर 14 को हिंदी दिवस समारोह के सिलसिले में स्कूल सभागृह में ज्ञानमार्ग एकांकी का मंचन होनेवाला है।

इसकी सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।

Ans.

- 1. (ग) ज्ञान सबकी भलाई के लिए है।
- 2. (ख) हानि
- 3. गुरुजी
- 4. आशय का विस्तार करते हुए दो सही वाक्य बनाए हैं।
- आशय का विस्तार करते हुए एक सही वाक्य बनाया है। 1

5. आकर्षक रूप-संविधान के साथ संक्षिप्त वाक्यों में पोस्टर तैयार किया है।